रविवार
24 सितंबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


जो लोग भ्रष्टाचार में हैं उन पर तो कार्रवाई जरूर होगी: केंद्रीय मंत्री 2



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की रखी आधारशिला, बोले...
# शिव शक्ति का एक स्थान चंद्रमा पर दूसरा काशी पर



**केटी ब्यूरो/वाराणसी**

एक शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर है तो दूसरा स्थान मेरी काशी में है। शिव शक्ति के इस स्थान से शिव शक्ति के उस स्थान पर भारत के विजय की मैं सभी को बधाई देता हूं। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान कही। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत भोजपुरी में करते हुए कहा कि आज फिर से बनारस आवे क मौका मिलल ह, जौन आनंद बनारस में मिलेला ओकर व्याख्या असंभव ह।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वह ऐसे दिन काशी आए हैं, जब चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचने का भारत का एक माह पूरा हो रहा है। शिव शक्ति यानी वो स्थान जहां हमारा चंद्रयान आज ही के दिन लैंड हुआ था। गंजारी का यह स्थान माता विंध्यवासिनी के धाम और काशी नगरी को जोड़ने के बीच एक पड़ाव है। यहां से कुछ दूर पर भारतीय लोकतंत्र के प्रखर पुरुष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजनारायण जी का गांव मोतीकोट है। उन्होंने कहा कि वो इस धरती से राजनारायण जी और उनकी जन्मभूमि को सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं। आज काशी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गयी है। ये ना सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। महादेव की नगरी में ये स्टेडियम और उसकी डिजाइन स्वयं महादेव को ही समर्पित है। इसमें क्रिकेट के एक से बढ़कर एक मैच होंगे। यहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मैचों की ट्रेनिग का लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रही है। जब क्रिकेट मैच बढ़ेंगे तो नये नये स्टेडियम की जरूरत बढ़ेगी। बनारस का ये स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। पूरे पूर्वांचल का ये चमकता हुआ सितारा बनेगा।

■ **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से खिलाड़ियों को होगा फायदा, पूर्वांचल की अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा लाभ**

**भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा ये स्टेडियम :** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अंतराष्ट्रीय स्टेडियम बस ईंट और कंक्रीट का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि हर विकास के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। आपके बिना काशी में कोई विकास का संकल्प सिद्ध नहीं हो सकता है। आपके आशीर्वाद से हम काशी के कायाकल्प के लिए इसी तरह विकास के नये अध्याय लिखते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जब खेल का इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनता है। तो खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी उसका सकारात्मक असर होता है।

**सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते यहां आए बदलाव का मैं साक्षी रहा हूं। इस स्टेडियम के साथ ही सिगरा स्टेडियम के पुनर्निर्माण पर 400 करोड़ खर्च किये जा रहे हैं। वहां 50 से अधिक खेलों के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वो देश का बहुस्तरीय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स होगा, जिसे दिव्यांगजनों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। इसे भी जल्द ही काशीवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा बड़ा लालपुर का सिंथैटिक ट्रैक हो, बास्केटबॉल कोर्ट, अखड़ा हो, हम नया निर्माण तो कर ही रहे हैं साथ ही पुरानी व्यवस्था को भी सुधार रहे हैं।

## खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव आया है : सीएम योगी



**वाराणसी।** पिछले साढ़े 9 वर्ष के दौरान दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक आध्यात्मिक नगरी अविनाशी काशी में समग्र विकास हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी ने जिन ऊंचाइयों को छुआ है उसे देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक बार फिर अनेक उपहारों के साथ काशी आए हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश में बीसीसीआई द्वारा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। खेल और खिलाड़ियों को लेकर आज लोगों की धारणा में बदलाव आया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान के आधारशिला समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों का मुख्यमंत्री ने काशी की धरती पर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि जी-20 की अभूतपूर्व सफलता के उपरांत अनेक उपलब्धियों के साथ प्रधानमंत्री का आज उनकी अपनी काशी में आगमन हुआ है। इस अवसर पर यूपी सरकार और काशी वासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं। जी-20 के दौरान ग्लोबल लीडर्स ने भारत के सामर्थ्य और शक्ति को नजदीक से देखा है। यही नहीं वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप ग्लोबल लीडर्स की उपस्थिति में भारत की 140 करोड़ जनता ने देश को वैश्विक ताकत के रूप में उभरते हुए अनुभव किया है। मुख्यमंत्री ने पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावास्कर, कपिल देव, गोडप्पा विश्वनाथ, सचिन तेंदूलकर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, गोपाल शर्मा, नीतू डेविड, शुभांगी कुलकर्णी का काशी में स्वागत करते हुए कहा कि इन सभी ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाई प्रदान करने और क्रिकेट के जुनून को घर घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने बीसीसीआई चेयरमैन रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का अभिनंदन करते हुए कहा कि इन सभी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में विशेष रुचि दिखाई है।

## मौसम : पटना समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना सहित पूरे राज्य में बीते शुक्रवार से मानसून पूरी तरह सक्रिय है और आज बिहार के अधिकांश जिलों में वर्षा के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है। अगले सोमवार तक पूरे बिहार में मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा। अधिकांश जिलों में आज और कल भारी से अति भारी वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने वज्रपात से बचने के लिए बेवजह घर से बाहर निकल नहीं निकलने और सुरक्षित स्थानों पर छुपने की सलाह दी है।

मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार के अनुसार पश्चिम झारखंड के पास बना चक्रवातीय परिसंचरण अब दक्षिण पश्चिम बिहार एवं आसपास समुद्र तल से औसत 4.5 किलोमीटर ऊपर तक बना है। साथ ही एक द्रोणी रेखा उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश से दक्षिण पश्चिम बिहार होते हुए पश्चिम आसाम तक गुजर रही है। वहीं, वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून द्रोणी रेखा जैसलमेर, कोटा, सतनाल, पुरुलिया, कृष्णानगर से होकर पूर्व की ओर मणिपुर तक प्रभावी है। इन मौसमी घटकों के संयुक्त प्रभाव से अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के उत्तर-दक्षिण मध्य एवं दक्षिण पूर्व भाग के अधिकांश स्थानों और शेष भाग अनेक स्थान में मध्यम स्तर से लेकर भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है।



**पटना समेत 10 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी :** मौसम विभाग ने आज 19 जिलों में भारी वर्षा को लेकर चेतावनी दी है। इनमें तीन जिला सुपौल, अररिया एवं मधुबनी में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन जिलों में 204 एमएम से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान है। जिसको लेकर दरभंगा, किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर और सहरसा छह जिले में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इन जिलों में 115 मिलीमीटर से 204 मिली के बीच वर्षा होने की संभावना है तो राजधानी पटना समेत 10 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इन 10 जिलों में 65 मिली से 115 मिली के बीच वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इनमें पटना के अलावे गया, नालंदा, कटिहार, खगड़िया, समस्तीपुर, नवादा, लखीसराय, बेगूसराय और मुंगेर जिला शामिल है। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में अनेक स्थानों पर वज्रपात और मेघ गर्जन की चेतावनी दी है।

## आयुक्त को हटाने को पेट्रोल की बोतल ले टंकी पर चढ़े बीजेपी के चार पार्षद

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राजस्थान के कोटा में एक राजनीतिक हाइप्रोफाइल ड्रामा देखने को मिला। जहां हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर बीजेपी के चार पार्षद सहित सात लोग पानी की टंकी पर चढ़ गए और आयुक्त को हटाने और गुम हुई फाइलों के जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। मजे की बात यह है कि यहां बोर्ड भी बीजेपी का है और मांग करने वाले भी बीजेपी के ही हैं। ऐसे में अपनी ही पार्टी के पदाधिकारियों के प्रति विरोध करना पड़ रहा है।

यह पॉलिटिकल ड्रामा करीब डेढ से दो घंटे चलता रहा। एसडीएम संतोष मीणा, डीएससी मुकुल, आयुक्त अशोक शर्मा, सभापति संजय शुक्ला और बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय जैन मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। आयुक्त ने कहा कि उन्होंने प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत पट्टे बनाने की कार्रवाई की है। 273 पट्टे जारी हो रहे हैं। इसके बाद बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष जैन के समझाने पर सभी नीचे उतरे। इसके बाद पार्षद एसडीएम के सामने पट्टे नहीं बनने का विरोध जताने लगे तो एसडीएम ने सभी को नगरपरिषद कार्यालय बुलाया और सभी से बात कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

**पट्टे की नई फाइलों को नहीं किया जा रहा जमा:** बीजेपी पार्षद सहित पानी की टंकी पर चढे लोगों को समझाकर नीचे तो उतार लिया गया लेकिन उनकी छोटी मोटी समस्याओं के हल किए जाने के बाद मुख्य समस्याओं पर मंथन किया गया। पार्षद राम कश्यप, शादाब, गिरधर गोपाल, प्रकाश वर्मा सहित पूर्व पार्षद कमल कश्यप, गोपाल सिंह और छोटू टंकी पर चढ़ गए थे। पार्षदों का कहना है कि पट्टा बनाने के लिए जो नई फाइलें आ रही हैं उनको भी यहां जमा नहीं किया जा रहा है। इस पर एडीएम ने विधिवत जानकारी दी और कहा कि शनिवार तक फाइल जमा नहीं की जा सकती। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद से प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टों की 6 फाइलों तो पता नहीं नहीं कहां चली गई, लेकिन अधिकारी कह रहे हैं कि फाइलें जमा ही नहीं हुई, फिर से जमा करवा दो।

## हिंदुओं ने दिया कनाडा के हर हिस्से में अमूल्य योगदान: पियरे पोइलिवरे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में विवाद जारी है। दोनों देशों के बीच विवाद प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के उस दावे से शुरू हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि निज्जर के मर्डर में भारतीय एजेंट का हाथ हो सकता है। इस बीच एक ऑनलाइन वीडियो सामने आया है। इसमें कनाडाई हिंदुओं से देश छोड़ने को कहा जा रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवरे ने कहा कि हम हिंदुओं के साथ हैं। उन्होंने सोशल मीडिय एक्स पर लिखा है कि हर कनाडाई बिना डर के देश में रहने और अपने समुदाय में स्वागत महसूस करने का हकदार है। उन्होंने आगे कहा कि हाल के दिनों में हमने कनाडा में हिंदुओं को निशाना बनाते हुए घृणित टिप्पणियां देखी है। कंजरवेटिव हमारे हिंदू पड़ोसियों और दोस्तों के खिलाफ इन टिप्पणियों की निंदा करते हैं। हिंदुओं ने हमारे देश के हर हिस्से में अमूल्य योगदान दिया है। उनका यहां हमेशा



स्वागत किया जाएगा। पीएम टूडो की लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा से भारतीय-कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने आर्या ने कहा कि कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और सिख्स फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नून ने कनाडाई हिंदुओं पर हमला किया था और उन्हें कनाडा छोड़कर भारत वापस चले जाने को कहा था। पन्नून की सिख्स फॉर जस्टिस ने कथित जनमत संग्रह आयोजित किया था।

उन्होंने अपने एक्स एकाउंट पर पोस्ट किया कि मैं कनाडा के हिंदुओं से अनुरोध करता हूं कि वे शांत लेकिन सतर्क रहें। कृपया हिन्दू पन्थ तथा हिन्दुओं के विरुद्ध नकारात्मक दृष्टिकोण की किसी भी घटना के बारे में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को रिपोर्ट करें।






### दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में विद्यार्थी परिषद की बादशाहत बरकरार
# अभाविप ने 3 सीटों पर मारी बाजी, एक पर एनएसयूआई

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के परिणाम घोषित हो चुके हैं। विद्यार्थी परिषद की बादशाहत बरकरार है वहीं एनएसयूआई को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जबरदस्त कैंपेने, हाई प्रोफाइल नेताओं के चुनाव प्रचार के बावजूद एनएसयूआई को खाते में मात्र एक सीट गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुरूआती रूझान से जो बढ़त बनाई वह अंतिम तक बरकरार रखा। उपाध्यक्ष पद पर अभि दहिया ने जीत दर्ज कर एनएसयूआई की लाज रख ली।



दिल्ली विश्वविद्याय छात्रसंघ के चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चार में से तीन सीटों पर बाजी मार ली है। इसमें अध्यक्ष पद पर तुषार डेढ़ा, सचिव पद पर अपराजिता और सह-सचिव पद पर सचिन बैसला ने जीत हासिल की है। एनएसयूआई के अभि दहिया ने उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। अभाविप पैनल से अध्यक्ष पद प्रत्याशी तुषार डेढ़ा ने 3115 वोटों से, सचिव पद प्रत्याशी अपराजिता ने 12937 वोटों से तथा संयुक्त-सचिव पद प्रत्याशी सचिन बैसला ने 9995 वोटों के बड़े अंतर से डूसू चुनाव में जीत दर्ज की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जीत के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया है और कहा है कि जिन मुद्दों को हमने घोषणापत्र में उठाए हैं उन्हें जल्द पूरा करने का काम करेंगे।

अभाविप अध्यक्ष पद पर जीते प्रत्याशी तुषार डेढा ने कहा कि अभाविप द्वारा डीयू में किए गए पिछले कामों एवं परिसर में निरंतर सक्रियता के कारण हमारे पैनल ने यह जीत दर्ज की है। चार वर्षों बाद छात्रसंघ चुनावों का होना और अभाविप का इतने बड़े अंतर से जीत दर्ज करना यह दर्शार्ता है कि अभाविप हमेशा सभी छात्रों की समस्याओं के निदान हेतु सदैव तत्पर रही है। वहीं, अभाविप पैनल से सचिव पद पर जीती प्रत्याशी अपराजिता ने कहा कि वूमेन कैंडिडेट के रूप में मुझे सबसे ज्यादा अंतर से जीत प्राप्त हुई है और यह दर्शार्ता है कि अभाविप जो महिला संबंधी मुद्दों को मुखरता से उठा रही है और लगातार परिसर में छात्राओं के लिए कार्य कर रही है यह भारी मतों से जीत उसी का नतीजा है। अभाविप डीयू की गर्ल्स स्टूडेंट्स के मुद्दों पर प्रमुखता से कार्य करेगी।

## जमुई में बालू दोहन के कारण क्षतिग्रस्त हुआ पुल

# बरनार पर बना पुल धंसा बहाव से 8 पिलर क्षतिग्रस्त



**केटी न्यूज/जमुई**

जिले के सोनो बाजार के समीप बरनार नदी चुरहैत घाट में तकरीबन 15 वर्ष पहले पुलिया निर्माण की स्वीकृति बिहार सरकार दी गई थी। पुल मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार की शाम को क्षतिग्रस्त हो गया। इस पुल के लगभग 8 पिलर दब गए। इस कारण पुल एक ओर झुक गया है। इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार अंचलाधिकारी राजेश कुमार के द्वारा तीन पहिया वाहन से लेकर बड़ी वाहनों पर रोक लगा दी। बता दें कि इस पुल क्षतिग्रस्त होने से चरकापत्थर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों गांव के लोगों का प्रखंड मुख्यालय कनेक्शन कट गया है।

जिले में लगातार दो दिनों से बारिश होने के कारण बरनार नदी में बाढ़ आ गई, जिसके कारण पानी के तेज बहाव से पुल क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण लाखों लोगों का संपर्क जमुई मुख्यालय से टूट गया है। क्षतिग्रस्त पुलिया देखने से लगता है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों की माने तो मनमानी ढंग से बालू उठाव से इस पुल पर प्रभाव पड़ा था। ग्रामीणों का कहना है कि बालू उठाव तो हो ही रहा था। साथ ही पुल के नीचे बने पिलर के पास से भी बालू का दोहन कर लिया गया था।

### प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी बाढ़ आता था, लेकिन पुल क्षतिग्रस्त नहीं हुआ। इस साल जबकि पुल के नीचे पिलर के पास से भी अत्यधिक बालू का उठाव किया गया। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों के विरोध को अनसुना कर दिया गया। परिणाम स्वरूप लगभग डेढ़ लाख से अधिक आबादी को इसका खामियाजा भुगतान पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा 13 सालों से बना यह पुल का प्रयोग किया जा रहा था, लेकिन यह पुल कब बनेगा? ग्रामीणों की परेशानी कब खत्म होगी यह अभी कहा नहीं जा सकता है। वहीं, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जानकारी मिलने पर अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार पुलिस दलबल के साथ पुल पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त पुल का मुआयना करने के बाद बड़ी हादसा को रोकने के लिए सोनो और चुरहैत के ग्रामीणों की मदद से दोनों और बैरिकेटिंग कर पुल पर परिचालन को पूरी तरह से बंद कर दिया।

### डेढ़ लाख लोगों का मार्ग बाधित

जानकारी के अनुसार पुल का पिलर संख्या-7 और पिलर संख्या-8 के बीच का स्लैब टूट कर गिर गया है। इस पुल से सोनो प्रखंड के 10 पंचायत के 24 गांव मुख्य सड़क से जुड़े हुए थे और यहां की डेढ़ लाख से अधिक लोगों का आवागमन इस पुल के जरिए होता था। पानी के तेज बहाव के कारण शुक्रवार को ही पूल में दरार आना शुरू हो गया था और शनिवार सुबह जब लोग सो कर उठे तब देखा कि यह पुल धराशाई हो गया है। इसका निर्माण वर्ष 2011 में कराया गया था। तब से नक्सल प्रभावित इलाके के लोगों के लिए यह पुल वरदान साबित हो रहा था। पुल टूटने के बाद अभी उसका स्लैब पूरी तरह से नहीं गिरा है। लोग जान हथेली पर रखकर अभी भी इस पुल पर यात्रा कर रहे हैं। ग्रामीणों को जब सूचना हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी प्रशासन और पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने इस पुल के इस्तेमाल पर रोक लगाई तथा लोगों को आने-जाने से रोकने के लिए पुल के दोनों किनारों पर बैरिकेडिंग भी किया गया।

- डेढ़ दशक के बाद सरकार से मिली थी पुल निर्माण की स्वीकृति
- बालू उठाव के लिए पिलर के समीप किया उत्खनन, हुआ हादसा

# 36 जिले के 38 नगर निकायों में शवदाह गृह का होगा निर्माण

- मुख्यमंत्री ने इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से विभिन्न जिलों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजनाओं,

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्मार्ट सिटी बिल्डिंग के इंट्रीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से कुल 2,355.96 करोड़ रुपए लागत की कुल 55 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इसके तहत विभिन्न जिलों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजनाओं, बिहार के विभिन्न शहरों में शवदाह गृह सह मोक्षधाम योजनाओं एवं पेयजल आपूर्ति योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने 586.44 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के विभिन्न शहरों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज एवं पेय जलापूर्ति की कुल 6 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पटना शहर में 1,283 करोड़ रुपये की लागत से स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज की कुल 10 योजनाओं का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय -2 के तहत 226.72 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के 36 जिले के 38 नगर निकायों में शवदाह गृह सह मोक्षधाम की कुल 38 योजनाओं का शिलान्यास किया।

**सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार कार्य के लिये 259.81 करोड़ होंगे खर्च :** मुख्यमंत्री ने सात निश्चय -2 के तहत पटना शहर के सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार की योजना का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास करने के पश्चात मुख्यमंत्री ने सैदपुर नाला का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। 5.61 किलोमीटर लंबाई वाले सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार कार्य के लिये 259.81 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इस नाले के दोनों तरफ दो-दो लेन की सड़कें होंगी। इन दो लेन के सड़कों के सम्पर्क हेतु पुलिया की व्यवस्था की गयी है। इस योजना के पूर्ण होने से अटल पथ तथा जेपी गंगा पथ तक आवागमन की बेहतर सुविधा आम नागरिकों को उपलब्ध हो सकेगी। नाले की सुचारू रूप से सफाई हेतु मशीन की व्यवस्था की गयी है जो आसानी से नाले में उतर सके।



मौके पर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुणीश चावला, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष पराशर, बुडको के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार समेत अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मधेपुरा, भोजपुर, दरभंगा व समस्तीपुर के डीएम, नगर आयुक्त एवं महापौर जुड़े हुए थे।

# सीएसपी से लूट के दौरान बदमाशों ने महिला कर्मी को मारी गोली

**केटी न्यूज/सीवान**

जिले के सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार पंचायत स्थित बिशनपुर गांव में स्थित एक एसबीआई के सीएसपी से लूट के दौरान बदमाशों ने उसमें कार्यरत एक महिला कर्मी को गोली मार दी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। घायल महिला कर्मी की पहचान सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार गांव निवासी मोलादीन साईं की पुत्री शबनम खातून के रूप मे हुई है। वहीं, इस दौरान बदमाशों ने सीएसपी से करीब दो लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना शनिवार की दोपहर की है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार सीएसपी केंद्र पर बदमाशों ने फायरिंग कर करीब दो लाख रुपए लूट ली। इस घटना में सीएसपी केंद्र पर मौजूद महिला कर्मी शबनम खातून के पैर के ऊपरी हिस्से में दो गोली लगी है। हंगामा होते देख बदमाश अपना बचाव करते हुए किसी तरह वहां से भाग खड़े हुए। घायल शबनम खातून को इलाज के लिए सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। एसबीआई सीएसपी केंद्र के संचालक राकेश कुमार सिंह बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बदमाश फिल्मी स्टाइल में बैग और हेलमेट लगाकर सीएसपी केंद्र पर पहुंचे थे। उसके बाद पिस्तौल निकाल कर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाश सीएसपी केंद्र से लूट करना चाह रहे थे तो इसका विरोध महिला कर्मी शबनम खातून ने की। इस पर बदमाशों उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद शबनम की स्थिति गंभीर बनी हुई है।



# जो लोग भ्रष्टाचार में हैं उन पर तो कार्रवाई जरूर होगी: केंद्रीय मंत्री

**केटी न्यूज/पटना**

नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल नेता लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव, पत्नी सहित अन्य के खिलाफ समन जारी किया है। इसको लेकर तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को कहा था कि सीबीआई बीजेपी का दामाद है। वहीं, इस बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने शनिवार को प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस पर इशारा करते हुए कहा कि सीबीआई तो उस समय भी असली दामाद था जब लालू प्रसाद यादव पहली बार जेल गए। ये सब वे भूल गए।

मामले में अश्विनी चौबे ने कहा कि जो जैसा करेगा-वैसा भरेगा। एक चौपाई है जस करनी तस भोगाहू ताता नरक जात में क्यों पछताता। जो लोग भ्रष्टाचार में है उन पर तो करवाई जरूर होगी। इसमें स्वतंत्र एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। वहीं, तेज प्रताप यादव के बयान का जवाब देते हुए काफी गुस्से में उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर इशारा करते हुए कहा कि असली दामाद तो सीबीआई उस समय थी जब वह पहली बार लालू यादव जेल गए थे। उसे समय तो लालू यादव खुद ससुर बने हुए थे तो उनके दामाद ही उनको गिरफ्तार करके जेल भेजा था। यह वही सीबीआई और ईडी है। ये भूल गए हैं क्या? उस समय तो यह प्रधानमंत्री को पॉकेट में रखते थे तब उस वक्त इनको सीबीआई क्यों गिरफ्तार की थी? क्यों सीबीआई और ईडी इन पर कार्रवाई की थी। यह नाटक कर रहे हैं। चोरी करेंगे और ऊपर से सीनाजोरी करेंगे।



वहीं, केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भी लालू प्रसाद यादव पर समन जारी होने के मामले पर सीबीआई को सही ठहराया। नित्यानंद राय ने कहा कि यह जायज है। जो जैसा करेगा वैसा पाएगा। रेलवे में नौकरी के बदले बेबस नौजवानों और अविभावकों से जमीन और पैसे लिए गए थे। कई लोगों को तो जमीन और पैसे लेकर नौकरी भी नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेवार पद पर रहकर इतना बड़ा घोटाला करना कानून के हिसाब से बहुत बड़ा अपराध है। नित्यानंद राय ने कहा कि मैं लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव या इस मामले में जो लोग भी संलिप्त हैं, उनसे मैं कहना चाहूंगा कि सीबीआई एक स्वतंत्र इकाई है। जो घोटाला करने वाले, इस तरह का अपराध करने वाले और नौकरी के बदले जमीन लेने वाले को क्या सीबीआई मिठाई खिलाएगी? सीबीआई उस पर कार्वाई करेगी। कार्रवाई हुई है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए तभी भ्रष्टाचार खत्म होगा।




# वार्ता बेनतीजा: चौसा थर्मल पॉवर प्लांट के मजदूरों की हड़ताल जारी

- बोर्ड के रेट से मजदूरी भुगतान को लेकर तीन दिनों से हड़ताल पर डटे हैं सैकड़ों मजदूर

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा में निर्माणधीन 1320 मेगावॉट थर्मल पॉवर प्लांट के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों का हड़ताल तीसर दिन भी जारी रहा। शनिवार को पूरे दिन कंपनी प्रबंधन द्वारा किए गए मान मनौव्वल का हड़ताली मजदूरों पर कोई असर नहीं पड़ा। बता दें कि इस थर्मल पॉवर प्लांट में फिलहाल निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य



एजेंसी लार्सन एन्ड टुब्रो के श्रमिकों ने गुरूवार से ही बोर्ड के तय रेट पर मजदूरी भुगतान को लेकर हड़ताल कर दिया है। मजदूरों के हड़ताल पर रहने से थर्मल पॉवर प्लांट का निर्माण कार्य ठप रहा। मजदूरों का कहना है कि कंपनी उनकी हकमारी कर रही है। मजदूरों ने तय मानक के हिसाब से मजदूरी देने और उनकी सुविधा में बढ़ोत्तरी करने की मांग कर रहे थे।

कंपनी प्रशासन द्वारा तीसरे दिन भी मजदूरों के मान मनौव्वल का प्रयास किया गया। लेकिन शाम तक इसका परिणाम नहीं निकला। इधर, मजदूरों के हक दिलाने को लेकर यूनियन के नेता मजदूरों के पास पहुंच उनकी लड़ाई लड़ने को आश्वासन दे उन्हें हड़ताल पर डटे रहने की सलाह दे रहे हैं। बता दें कि निर्माणधीन थर्मल पॉवर प्लांट में कार्यकारी एल एन्ड टी के अंतर्गत कार्य करने वाली पावर मैक कम्पनी के मजदूरों द्वारा ससमय मजदूरी का भुगतान बोर्ड रेट के अनुसार करने व आने-जाने का पर्यात साधन की मांग को लेकर गुरुवार से हड़ताल पर है। मजदूरों के हड़ताल से कंपनी को हर दिन बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**शुरूआत से ही प्रबंधन को झेलना पड़ रहा विरोध :** वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चौसा के पास करीब 10 हजार करोड़ की लागत से 1320 मेगावॉट के थर्मल पॉवर प्लांट की आधारशीला रखी थी। तब यह उम्मीद जताया जा रहा था कि इस कंपनी के शुरू होने के बाद सूबे बिहार में बिजली का संकट दूर हो जाएगा। इस प्लांट को बिहार में बिजली आधारित उद्योगों के लिए वरदान बताया जाता है। जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा कुल उत्पादन का 85 प्रतिशत आपूर्ति बिहार सरकार को देना है जबकि शेष 15 प्रतिशत का उपयोग कंपनी खुद करेगी। लेकिन जैसे ही थर्मल पॉवर की निर्माण प्रक्रिया शुरू हुई वैसे ही मजदूरों तथा स्थानीय छुटभैया नेताओं की राजनीति भी शुरू हो गई। जिस कारण अक्सर ही इसका निर्माण कार्य ठप रहता है। इसके पहले कंपनी द्वारा अधिगृहित जमीन का उचित मुआवजा की मांग पर स्थानीय किसान भी लंबे समय तक आंदोलन किए। किसानों का आंदोलन हिंसक भी हो चुका है। वही कई बार मजदूरों की मौत तथा अन्य मसलों को लेकर मजदूरों द्वारा हड़ताल किया जाता है। जिसका असर निर्माण कार्य पर पड़ता है। एकबार फिर से मजदूरों के हड़ताल से कंपनी का काम बाधित हो रहा है। मजदूरों के इस हरकत से कंपनी अधिकारी भी खासे परेशान रहते है।

## एक नजर

### डीलरों ने सरकारी नौकरी या 30 हजार मानदेय व अनुकंपा बरकरार रखने की उठाई मांग



**बक्सर।** रेड क्रॉस भवन में शनिवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा मनोज कुमार यादव व संचालन संगठन सचिव हृदयानंद मिश्र ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार सरकार जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की लंबित मांग सरकारी नौकरी या तीस हजार रुपये मानदेय के साथ उम्र सीमा को समाप्त करने व अनुकंपा बरकरार रखने तथा जिले के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों का आवंटन भौगोलिक दृष्टिकोण को देखते हुए बराबर करने की मांग की। साथ ही बिहार सरकार से मांग की गई की खाद्य आपूर्ति अधिनियम में संशोधन करते हुए 6 घंटा के बदले 8 घंटा करने का प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के महामंत्री देवन रजक के आह्वान पर 1 अक्टूबर 23 को पूरे देश के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार झारखंड के देवघर में राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में संगठन की मजबूती के साथ प्रधानमंत्री एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री भारत सरकार को मांग पत्र भेज कर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की लंबित मांगों को पूरा करने की मांग की जाएगी। बैठक में हरेंद्र पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, दीपक कुमार, शिवनारायण यादव, ललन यादव सुभाष राम, श्रीनिवास यादव, संदीप कुमार, केदार राम, राम आशीष कुशवाहा, अनुज कुमार गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, शिवाजी राज, वीरेंद्र यादव, अजय कुमार रजक, रमन कुमार, अनिल कुमार, गीता देवी, कृष्णकांत, श्रीभगवान राम, बैजनाथ यादव, पूर्णिमा ओझा, प्रशांत कुमार, रीता कुमारी, शिव कुमार राम, कुंदन कुमार, दिलीप रजक, गुलाब रजक, राम भजन सिंह, दिनेश कुमार, देव पूजन सिंह के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### कार्रवाई : उत्पाद थाना की टीम ने छापेमारी में बरामद किए शराब, आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** शनिवार को उत्पाद थाना डुमरांव की टीम ने नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के चिलहरी गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक घर से शराब की खेप के साथ ही कारोबारी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद थानाध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी को सूचना मिली थी कि चिलहरी के पप्पू राम द्वारा अपने घर से शराब की तस्करी की जा रही है। इस सूचना पर उत्पाद टीम ने उसके घर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान घर के एक कमरे से रॉयल स्टेग सुप्रियर ब्रांड 750 एमएल का 11 बोतल शराब बरामद हुआ। इसके बाद टीम ने शराब तस्करी के आरोप में पप्पू को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में एसआई सरिता गुप्ता, एएसआई संजय कुमार शर्मा, रूमा वर्मा, सुनील कुमार, बुचन कुमार, भूषण कुमार आदि शामिल रहे। इस कार्रवाई के बाद शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है। उत्पाद थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपी पर उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।



### खाना पकाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग

**चौसा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चुन्नी गांव में शुक्रवार की रात एक घर में खाना पकाने के दौरान रसोई गैस के सिलेंडर में आग लग गई। हालांकि घरवालों तथा पड़ोसियों के सुझबूझ से आग पर जल्दी ही काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा होते होते बचा। आग पर काबू पाने के बाद फायर ब्रिगेड का वाहन भी मौके पर पहुंचा था। फायर कर्मियों ने भी ग्रामीणों की सुझबूझ की सराहना की और बताया कि थोड़ी सी सावधानी बरतने पर अगलगी से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार चुन्नी के लक्ष्मण वर्मा के घर रात में उनकी पत्नी खाना पका रही थी। रसोईघर में ही बेड भी लगा था जिस पर उनकी बीमार मां पार्वती देवी सो रही थी। इसी दौरान सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा तथा देखते ही देखते पूरा सिलेंडर धूं धूं कर जलने लगा। घरवालों द्वारा शोर मचाए जाने पर पड़ोसी तत्काल उसके घर पहुंचे तथा गैस एजेंसी व फायर बिग्रेड द्वारा बताए तरकीब कंबल व चादर को पानी से भींगो उससे सिलेंडर को ढंक आग पर काबू पा लिए। वही उनकी मां को भी कमरे से बाहर निकाला गया तथा कमरे में फैल चुकी आग पर भी पानी डाल काबू में किया गया। तबतक दमकल वाहन भी पहुंच चुका था। इस घटना में पीड़ित का करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। वही आग पर काबू पाए जाने से घरवाले समेत आस पड़ोस के लोगों ने चैन की सांस ली है।



## खबरें फटाफट

### जेल जा चुका शिक्षक किया गया निलंबित

**डुमरांव।** मारपीट के आरोप में जेल गए एक शिक्षक को विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनका निलंबन डुमरांव बीईओ के रिपोर्ट के आधार पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी ने किया है। बता दें कि 2 सितंबर को मुंगाव गांव में मारपीट की एक घटना हुई थी। जिसमें उक्त गांव निवासी व पेशे से सरकारी शिक्षक जयशंकर कुमार को भी आरोपी बनाया गया था। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक समेत कुल दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले की जानकारी मिलते ही विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

### रंगेहाथ पकड़ाया मोबाईल चोर, जेल

**बक्सर।** आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत शनिवार को निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षी मुकेश रौशन व आरक्षी बृजेश राय द्वारा स्थानीय स्टेशन के प्लेटफार्म पर गस्त के दौरान एक युवक को भागते देख दौड़ाकर पकड़ा गया और जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास एक मोबाईल बरामद हुआ। लेकिन पूछताछ करने पर मोबाईल के संबंध में जानकारी नहीं दे पाया। तब पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो वह बातया कि उक्त मोबाईल को पैसेंजर टेज्न के किसी यात्री से चुराया है। जिसके बाद आरपीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान रघुनाथपुर के छोटू बाबू के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद उसे जीआरपी को सौंप दिया गया।

### 27 को प्रशिक्षण मेला का आयोजन

**केसठ।** ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जीविका बक्सर की ओर से ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार आपके द्वार सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड में 27 सितंबर को कन्या प्राथमिक विद्यालय केसठ प्रांगण में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस मेले में कुल 13 कंपनियों भाग ले रही है। जिसमें डीडीयू, जीकेवाई के तहत मुफ्त प्रशिक्षण के साथ रोजगार मुहैया कराया जायेगा। इसके लिए उम्र सीमा 18 से 35 निर्धारित किया गया है। प्रखंड में पहली बार हो रहे आयोजन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### बच्चों को शिक्षक नहीं देंगे शारीरिक दंड

**बक्सर।** जिले में अध्ययनरत बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा भेदभाव नहीं करने एवं शारीरिक दंड नहीं देने को लेकर राज्य परियोजना निदेशक ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेर्शों के अनुपालन को लेकर आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई है। परियोजना निदेशक बी. कार्तिकेय धनजी ने डीईओ एवं डीपीओ एसएसए को आवश्यक कदम उठाने को लेकर निर्देशित किया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा विभिन्न श्रोतों के माध्यम से कहा गया है कि पर्व त्योहारों के समय बच्चों के साथ शिक्षकों द्वारा भेदभाव किया जाता है।

## नाले के गंदे पानी के जमाव से बना संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा

# खिरौली गांव के मुख्य पथ पर लंबे समय से जमा है गंदा पानी, बाहर निकलना मुश्किल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर के पुरानी बस्ती में शामिल खिरौली गांव के मुख्य पथ पर पिछले दो महीने से नाले का गंदा पानी जमा है। जिस कारण लोगों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। बता दें कि गांव से बाहर आने जाने के लिए यही एकमात्र रास्ता है। जिस पर नाले का गंदा पानी जमा होने से लोगों को नाक भौं सिकोड़ अपने घरों से बाहर निकला पड़ रहा है। स्टेशन रोड से खिरौली पथ में प्रवेश के साथ ही करीब 15-20 मीटर के दायरें में नाले का गंदा पानी जमा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सेंट्रल नाला का पानी उनके गांव के तीन तरफ जमा है। वही पानी अब मुख्य पथ पर भी आ गया है। ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कई बार नगर परिषद प्रशासन से गुहार लगाई गई। ग्रामीण संजीव चौबे मुख्यमंत्री के जनता दरबार का चक्कर भी लगा चुके है। जबकि एक बार बक्सर सांसद अश्विनी चौबे का घेराव भी किया गया था। कई बार बक्सर डीएम से भी जलजमाव से मुक्ति दिलाने की मांग की गई है। लेकिन अबतक किसी भी स्तर से राहत नहीं मिला है। जिससे लोगों में गहरी



नाराजगी है। ग्रामीण अब इस मुद्दे पर चक्का जाम करने का मन बना चुके है। सेंट्रल नाला के पानी से घिर चुके गांव में डेंगू, मलेरिया तथा हैजा जैसे संक्रामक जानलेवा बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

**नाले के पानी से घिरा काली मंदिर, श्रद्धालुओं में आक्रोश :** खिरौली गांव के बाहर तथा मुख्य पथ से सटे इस गांव का काली मंदिर है। जहां खिरौली के साथ ही लालगंज कड़वी, स्टेशन कॉलोनी, टेक्सटाईल कॉलोनी, चाणक्य कॉलोनी के श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते है। ग्रामीणों द्वारा बड़े ही उत्साह से इस मंदिर का निर्माण करवाया गया था तथा मुख्य पथ के किनारे कीमती जमीन मंदिर के नाम पर दान की गई थी। लेकिन अब यह मंदिर भी चारों तरफ से सेंट्रल नाला के गंदे पानी से घिर चुका है। जिस कारण श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर में मिट्टी डाल उंचाई बढ़ाई गई है, नहीं तो मंदिर भी इस गंदे पानी में डूब चुका होता।

**शीघ्र नहीं हुआ समाधान तो होगा चक्का जाम: ग्रामीण**

सेंट्रल नाला के गंदे पानी से घिर चुके खिरौली के ग्रामीणों में व्यवस्था के प्रति गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि नगर परिषद प्रशासन शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं करता है तो चक्का जाम किया जाएगा। केशव टाइम्स की टीम ने इस मुद्दे पर ग्रामीणों की प्रतिक्रियाएं ली है। पेश है रिपोर्ट -



“ मुख्य पथ पर नाला का गंदा पानी जमा होने से घर से निकला मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं व बच्चों को हो रही है। यदि जल्दी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सड़क पर उतर चक्का जाम किया जाएगा।

*- गुड्डु टाकुर*



“ पिछले एक डेढ़ साल से मेरा गांव तीन तरफ से सेंट्रल नाला के गंदा पानी से घिरा है। नगर परिषद प्रशासन मौन साधे हुए है। जिस कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण जल्दी ही बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे।

*- राकेश चौबे*



“ मिसमैनेंजमेंट के कारण यह समस्या बनी हुई है। नगर परिषद के नयें बोर्ड से काफी उम्मीदें थी। लेकिन अबतक यह बोर्ड भी लोगों के उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। जलजमाव के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

*- अमर चौबे*



“ नाले के गंदे पानी के जमाव के कारण उनका बागीचा सूख चुका है। काली मंदिर परिसर में भी लगे दर्जनों बड़े पेड़ जमींदोज हो चुके है। अब मुख्य पथ पर नाला का गंदा पानी जमा है। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है।

*- रिंकू चौबे*



“ खिरौली के पास से जलनिकासी के लिए पिछले दिनों जनरेटर चला पानी निकलवाया गया था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रोजेक्टर बनकर तैयार है। ईदगाह के पास से पश्चिमी रेलवे क्रासिंग तक बड़ा नाले बना जलनिकासी करवाई जाएगी। जल्दी ही नाला निर्माण शुरू कराया जाएगा।

*- अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नगर परिषद, डुमरांव*

## ब्रह्मपुर के निलंबित थानाध्यक्ष की अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज

**बक्सर।** थाने में जब्त शराब की हेराफेरी मामले में फंसे ब्रह्मपुर थाना के निलंबित थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज हो गई है। अग्रिम जमानत खारिज होने से निलंबित थानाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ गई है। शनिवार को एक्साइज विशेष न्यायालय ने उनके अग्रिम जमानत की अर्जी को खारिज कर दिया है। जिसके बाद निलंबित थानाध्यक्ष अब न्याय के लिए पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

जानकारी देते हुए उनके अधिवक्ता सत्य प्रकाश पांडेय ने बताया कि उन्हें गहरे साजिश के तहत फंसाया गया है। जिसकी निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस कप्तान को भी आवेदन दिया गया है। वही उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को बैजनाथ चौधरी वहां के एएसआई योगेंद्र को चार्ज देकर गए थे। लेकिन ऐसी कौन सी परिस्थिति आई कि सुबास प्रसाद को डुमरांव एसडीपीओ का रात्रि में 8.35 में कॉल आया और 8.45 में थानाध्यक्ष का चार्ज भी ग्रहण कर लेते है। और शराब अधिनियम के तहत थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी समेत 5 लोगों पर केस दर्ज कर दिया जाता है। सत्यप्रकाश पांडेय ने बताया कि आज बहस के दौरान इस केस से संबंधित सभी तथ्यों को न्यायालय के समक्ष रखा गया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय से उन्हें बेल मिल जायेगा। साथ ही उन्होंने स्टेशन डायरी और थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन की मांग किया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से यह मामला साफ हो जाएगा।

## अवैध वसूली करने वालों का रद्द होगा निबंधन

**चौसा।** स्थानीय नगर पंचायत की सशक्त स्थाई समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी ने व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने की। इस दौरान मुख्य पार्षद किरण देवी ने कहा कि नगर पंचायत के अंतर्गत लगे मोबाइल कंपनियों के टावर एवं अन्य प्रचार के लिए लगे फ्लैक्स बोर्ड लगाने की अनुमति कार्यालय से लेनी होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू मच्छर के प्रकोप से बचने के लिए फागिंग मशीन व प्रचार प्रसार के लिए माइक व स्पीकर की खरीद की जाएगी। उन्होंने सैरातों द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर गहरी नाराजगी जताई तथा जिन सैरातों के खिलाफ अधिक वसूली की शिकायत मिली है उनसे स्पष्टीकरण पूछने को कहा। मुख्य पार्षद ने अधिक पैसा वसूलने वाले सैरातों के निबंधन रद्द करने की चेतावनी भी दी।

उप मुख्य पार्षद सरिता देवी ने कहा कि जनहित के हर मुद्दो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा। वहीं सदस्य चंदन चौधरी ने कहा कि दशहरा को देखते हुए नपं के अन्दर पोलों पर तत्काल लाईट की व्यवस्था करायी जाए। साथ ही सशक्त स्थायी समति के सदस्य आनन्द कुमार रावत ने कहा कि दलित बस्ती में जल जमाव के चलते सैकड़ों घरो में पानी घुसने के चलते जीना मुश्किल हो गया है। पानी निकास का निदान तत्काल किया जाए।



बैठक में न्यायीपुर में पानी निकास के लिए नाला का निर्माण करवाने, खिलाफतपुर के मुशहर टोली में नाला एवं सड़क की मरम्मति के साथ चौसा बाजार के मल्लाह टोली में शंकर मंदिर से लेकर गंगा तट तक सड़क एवं नाला का निर्माण, वार्ड 6 में आंगनबाड़ी के पास पैदलगामी पुल का निर्माण एवं नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने सहित कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरुपम ने कहा कि जनहित में सारे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए तत्काल पूरा कराया जायेगा। इस बैठक में सशक्त स्थायी समिति के सदस्य सरिता देवी, ललिता देवी, चन्दन चौधरी, आनन्द कुमार रावत के साथ सत्य प्रकाश उपस्थित थे।

## संयुक्त राज्य अमेरिका दूतावास के कृषि वैज्ञानिक ने जिले में धान की खेती का किया निरीक्षण

# जलवायु अनुकूल खेती पर दी विशेष जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

संयुक्त राज्य अमेरिका के दूतावास के वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने जिले में धान की फसल का निरीक्षण किया है। वे शनिवार को जिले के इटाढ़ी प्रखंड अंतर्गत हरपुर जयपुर पंचायत के गेरुआबांध गांव में धान की फसल का निरीक्षण किए। यह निरीक्षण प्रगतिशील किसान कमलेश पाण्डेय के धान के खेत में किया गया।



निरीक्षण कार्यक्रम जिला कृषि विभाग एवं केविके के संयुक्त नेतृत्व में किया गया था। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक प्रक्षेत्र सह अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बक्सर शेखर किशोर, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डुमरांव शेखर कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश सिंह के साथ ही केविके के कृषि वैज्ञानिक शामिल रहे। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किसानों द्वारा खेती में लगाए जाने वाली लागत एवं फसलों पर बदलते जलवायु का धान की विभिन्न प्रभेदों पर पड़ने वाले प्रभाव का अवलोकन करना था। मौके पर उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र बक्सर के विषय वस्तु विशेषज्ञ डा रामकेवल ने किसानों को धान में लगने वाले विभिन्न प्रकार के रोग कीट की पहचान, उनके निदान पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वही वरीय वैज्ञानिक डॉ. देवकरण ने किसानों को फसलों में प्रयुक्त खाद की मात्रा पर प्रकाश डालते हुये बताया कि आवश्यकता से अधिक खाद देना भी नुकसानदायक हो सकता है। केवीके के विषय वस्तु विशेषज्ञ डा मांधाता सिंह ने किसानों को धान रोपाई एवं बुवाई की विभिन्न विधियों के बारे में जानकारी देते हुये लाइन में बुवाई अथवा रोपाई करने की सलाह दी। इस संबंध में जानकारी देते हुये इटाढ़ी के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विवेकानन्द उपाध्याय ने बताया कि उक्त भ्रमण में किसान कमलेश पाण्डेय के द्वारा धान की काला नमक किरण, सबौर सोना और एमटीयू 7029 की प्रभेदों का निरीक्षण किया गया एवं किसानों को आवश्यक सुझाव दिये गये।

मौके पर इटाढ़ी प्रखंड के सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं कई प्रगतिशील किसान उपस्थित थे। इस दौरान प्रगतिशील किसानों ने कृषि वैज्ञानिकों से धान की बेहतर पैदावार, कीट प्रबंधन तथा कम लागत में अधिक मुनाफा सहित कई अन्य प्रश्न भी पूछे, जिसका कृषि वैज्ञानिकों ने समुचित उतर दिया। अपने बीच कई कृषि वैज्ञानिकों को पा आस पास के किसान प्रसन्न नजर आ रहे थे। बता दें कि इस कम बारिश के बावजूद किसानों ने अपने परिश्रम से धान की फसल को बचाए रखा है।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

# अच्छी खबर : अपने मोबाइल से घर बैठे बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

❐ कार्ड बनाने के लिए मोबाइल एप कर सकते हैं इस्तेमाल

**केटी न्यूज/गया**




आयुष्मान भारत कार्यक्रम को पांच साल पूरे होने जा रहे हैं। इन पांच सालों में हजारों लोगों को योजना का लाभ मिला है। जिले के सभी प्रखंडों में पूर्व में पंचायत स्तर पर आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के लिए शिविर भी लगाये जा चुके हैं। आयुष्मान भारत कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिल सके इसके लिए 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत पंचायत स्तर पर आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य कार्यक्रम को गति देने के लिए हर स्तर पर स्वास्थ्य विभाग अपने प्रयास जारी रखे हुआ है. इसके लिए अब लोग स्वयं नेशनल हेल्थ ऑथोरिटी द्वारा तैयार आयुष्मान मोबाइल एप को डाउनलोड कर कार्ड बना सकते हैं। वहीं पखवाड़ा के दौरान पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा बनाया और वितरण किया जायेगा। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के जिला समन्वयक नलीन मौर्य ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अब लोगों को सदर अथवा सामुदायिक या प्राथमिक अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। कार्ड बनाने के लिए वेबसाइट और ऐप तैयार किये गये हैं। यहां लोग स्वयं अपने मोबाइल पर वेबसाइट खोल कर अपना नाम लाभार्थी सूची में देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब ऐप के माध्यम से घर बैठे मोबाइल से ही लोग अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के लिए लाभार्थियों का चयन सामाजिक, आर्थिक, जाति जनगणना 2011 के आधार पर किया जा रहा है।

### अपना नाम लाभार्थी सूची में जरूर देखें:

नलीन मौर्य ने बताया कि लोगों को यह जानकारी दी जा रही है कि वे अपना नाम आयुष्मान कार्ड के लाभुकों में शामिल होने की जानकारी लें और यह कार्ड बनवायें। आयुष्मान कार्ड से लोगों को नि:शुल्क इलाज मिलता है। इससे उनके जेब पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता। आयुष्मान कार्ड की मदद से विभिन्न प्रकार के इलाज में प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का इलाज की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। पात्र लाभार्थी अब एप के माध्यम से स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। एक लाभार्थी के रूप में आयुष्मान मोबाइल ऐप पर लॉगिन कर आवश्यक जानकारी देनी पड़ती है। पूरी प्रक्रिया जानने के लिए इस लिंक https://lnkd.in/dnuCJsSK की मदद ली जा सकती है।

### क्या कहते हैं सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने बताया कि गांवों के स्तर पर आयुष्मान सभा के माध्यम से आयुष्मान कार्ड के बारे में परामर्श और मुफ्त इलाज की सुविधा की जानकारी दी जा रही है। सरकार द्वारा जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का लक्ष्य रखा गया है। आयुष्मान भारत योजना की मदद से गरीब व जरूरतमंद बेहतर इलाज करा पाने में आसानी महसूस कर रहे हैं। पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद प्राप्त कर लाभार्थी जटिल रोगों का ईलाज करा पाने में सक्षम हो पा रहे हैं।

## एक नजर

### घोषी विधानसभा में कपूर्री चर्चा का आयोजन



**जहानाबाद!** आज जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा जी के अध्यक्षता में घोषी विधानसभा में आयोजित कपूर्री चर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का संचालन नवीन कुमार उर्फ कपूर्री ठाकुर ने किया।जिसमे कार्यक्रम का उद्घटनकर्ता माननीय सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जी ने किया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता राहुल शर्मा उपस्थित थे।इस कपूर्री परिचर्चा के संबोधन करते हुए सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जी ने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग के हित में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा उनके सामाजिक,राजनैतिक,शैक्षणिक एवम् आर्थिक प्रगति के लिए उठाए गए कदमों में पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू करने से सामाजिक बदलाव का नया अध्याय शुरू हुआ ,जिससे विकास मूलक समरस समाज का मॉडल सामने आया और ग्रामीण इलाको में तनाव और उग्रवाद की घटनाओं पर विराम लगा।इसका सबसे ज्यादा लाभ किसानों और कृषि कार्य से जुड़े कृषक मजदूर को मिला जो तनाव के माहौल में खेती नहीं कर पाते थे।इस पहल के बाद राज्य की उत्पादकता में वृद्धि हुई एवम् गांव में अमन चैन हुआ।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सह राहुल शर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने कपूर्री ठाकुर जी अधूरे सपने को पूरा करते हुए अतिपिछड़ा समाज को आर्थिक क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का लाभ के साथ उद्योग लगाने के लिए अतिपिछड़ा को भी 10 लाख की मदद मिल रही है।इसमें 5लाख रुपए अनुदान और 5 लाख ब्याज मुक्त ऋण है।देश के प्रथम राज्य बिहार जिसमें मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्माण हेतु 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि एवम् मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता के तहत 60,000 रुपए की सहायता राशि दी जा रही हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करते विधान पार्षद गुलाम गौस ने कहा की केंद्र की भाजपा सरकार अतिपिछड़ा समाज के प्रति अपमान का व्यवहार रखती है।




### बिहार में खुलेआम हत्या कर निर्भीक होकर घूमता है अपराधी: डॉ कश्यप

**जहानाबाद।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला मोर्चा) डॉ इंदु कश्यप ने जहानाबाद जिला के सुलमानपुर पंचायत के अंर्तगत ग्राम चातर में केशव शरण शर्मा के सुपुत्र वेंकटेश शर्मा (सरपंच) और मखदुमपुर में भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री सुरेन्द्र मिस्त्री को दिनदहाड़े निर्मम हत्या कर अपराधी खुलेआम निर्भीक होकर सड़कों पर घूम रहा है। और इस सुशासन की सरकार को गद्दी के लालच में धरातल पर हो रहे हत्याएं से कुछ भी फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि पुरे राज्य में आय दिन हत्या कर न जाने कितनी माताएं बहनें को विधवा कर देती है और सरकार राज्य में दोषसिद्धि दर में फेल हो जाती हैं।

हत्या उपरांत उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। और प्रशासन से मै मांग करती हूं कि जल्द से जल्द दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल कराकर कठोर सजा दिलाया जाए। अन्यथा अपराधियों का मनोबल और बढ़ता जायेगा। लोजपा जिला अध्यक्ष संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष निरंजन कुमार उर्फ नीरू जी, भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री पशुपति शर्मा मौजूद थे।

### चांदी थाना क्षेत्र के रूपचकिया गांव के समीप सुबह की घटना

# गैस टैंकर ने साइकिल सवार प्राइवेट शिक्षक को रौंदा, मौत

**केटी न्यूज/ आरा**

सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे चांदी थाना क्षेत्र के रूपचकिया गांव के समीप शनिवार की सुबह गैस टैंकर की चपेट में आने वाले साइकिल सवार एक प्राइवेट शिक्षक की मौत हो गयी।इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी स्व.इंद्रजीत सिंह के 46 वर्षीय पुत्र नरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ ढुनमुन सिंह थे। वह चांदी थाना क्षेत्र के लोदीपुर स्थित प्राइवेट स्कूल में पढ़ते थे। घटना को लेकर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। वहीं हादसे के बाद चालक टैंकर छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और टैंकर को जब्त कर लिया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



■ इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में तोड़ा दम

शिक्षक के भतीजे यशवंत सिंह ने बताया कि उसके चाचा रोज की तरह शनिवार की सुबह साइकिल से लोदीपुर गांव जा रहे थे। रुकचकिया गांव के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार गैस टैंकर ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद चांदी थाने की गश्ती पुलिस द्वारा उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टर की ओर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि शिक्षक अपने पांच भाई और तीन बहनों में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी पूनम देवी, पुत्र अमन कुमार सिंह और शिवम कुमार सिंह है।

उनका बड़ा पुत्र अमन कुमार सिंह आर्मी अग्निवीर में इसी साल ज्वाइन किया है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

### राशन लेने जा रही महिला की पिकअप की चपेट में आने से मौत

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव में शनिवार की दोपहर राशन लेने जा रही एक महिला की सड़क हादसे में मौत हो गयी। गांव में ही पीडीएस दुकानदार के पास जा रही महिला को तेज रफ्तार एक पिकअप ने कुचल दिया। उससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृत महिला धमार गांव निवासी स्व.छोटन मियां की 55 वर्षीय पुत्री बीबी फातिमा थी। वह काफी सालों से अपने मायके धमार गांव में रहती आ रही थी। इधर, हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से भाग निकला। महिला के भतीजे जाकिर हुसैन ने बताया कि वह शनिवार की दोपहर राशन लाने के लिए गांव में ही स्थित जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जा रही थी।

### घर में सो रही महिला की मायके में विषैले सांप के डंसने से मौत

**आरा।** भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव में शनिवार की अहले सुबह विषैले सांप के डंसने से एक महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। झाड़-फूंक के चक्कर में इलाज में देरी होने के कारण महिला की जान चली गई। मृतका अरवल के मेहंदिया थाना क्षेत्र के परासी गांव निवासी जीतेंद्र चौधरी की वषीर्या पत्नी पूनम कुमारी थी। उसकी मौसी चांदमुनी देवी ने बताया कि वह एक माह पूर्व अपने मायके संदेश गांव आयी थी। शनिवार की अहले सुबह वह अपने कमरे में सो रही थी। उसी बीच शनिवार की अहले सुबह उसे विषैले सांप ने उसे डंस लिया। उससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। उसके बाद उसे झाड़-फूंक कराने के लिए संदेश थाना क्षेत्र के भटौनी गांव ले जाया गया। करीब पांच घंटे तक झाड़-फूक करने के बाद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो ओझा द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर चले गए।

## उर्दू मध्य विद्यालय में प्री फैब क्लासरूम का शुभारंभ



**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा उर्दू मध्य विद्यालय में जिले के पहले प्री फैब क्लासरूम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जहानाबाद जिले में शिक्षा को बेहतर करने की दिशा में हो रहे प्रयास की सराहना की। प्री फैब क्लासरूम के तहत बनाये गये कक्षा का अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें मन लगाकर पढ़ने को प्रेरित किया। इस अवसर पर जहानाबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रौशन आरा भी उपस्थित थीं और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया गया। प्रधानाध्यापक श्री संजय कुमार द्वारा उर्दू मध्य विद्यालय में जहानाबाद जिले का प्रथम प्री फैब क्लासरूम स्थापित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। गौरतलब है कि यह वही विद्यालय है जहां के विद्यार्थी जुनैद आलम ने पिछले साल राज्य स्तर पर क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम का प्रशिक्षण संपन्न

**गाजीपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बारोडीह जखनियां पर स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत भ्रष्टाचार के विषय में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के नोडल अध्यापक डॉ. कमलेश राम ने बताया की यह कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा संचालित है। जिसे पुलिस विभाग से संबद्ध किया गया है। जिसका अनुश्रवण सीधे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक जिला स्तर पर करते हैं। इसके तहत प्रत्येक शनिवार को आंतरिक कक्षाएं संचालित की जाती हैं। प्रत्येक माह वाह्य भ्रमण की योजना है।इसके तहत 30 बच्चों का चयन किया जाता है, जो कक्षा आठ में अध्यनरत हैं। 23 सितंबर को थाना भुडकूड़ा के जलालपुर चौकी इंचार्ज गोविंद मौर्य के निर्देशन में चौकी जलालपुर के चार पुलिस आरक्षियों के साथ एक महिला कांस्टेबल भी मौजूद थी। उन लोगों के द्वारा भ्रष्टाचार, मिशन शक्ति और 112 नंबर, 1090 के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मशरूम उत्पादन कर किसान घर से अच्छी आमदनी कर सकते हैं प्राप्त



**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

शनिवार को आत्मा जहानाबाद के द्वारा व्यवसायिक मशरूम उत्पादन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय जिला अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा जहानाबाद संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को व्यावसायिक मशरूम उत्पादन के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक क्लास का आयोजन कर प्रशिक्षित किया गया है, किसानों के कौशल एवं दक्षता विकास हेतु मशरूम उत्पादन इकाई ग्राम कोड़ौना के कृषक- श्री सूर्य प्रकाश के यहां वाहन-बस के माध्यम से कृषक परिभ्रमण भी कराया गया है। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन कर किसान घर से अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। महिला कृषक के लिए यह व्यवसाय आसान है। आज अंतिम दिन भाग लेने वाले किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। मौके पर सहायक निदेशक प्रक्षेत्र इंदू सिंहा, उप परियोजना निदेशक आत्मा राकेश कुमार, मशरूम प्रशिक्षक गौरव राज एवं लौकेश कुमार के साथ लेखापाल प्रभु कुमार एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक आलोक कुमार मौजूद थे।




### सिविल सर्जन की अध्यक्षता में गर्भनिरोधक दिवस के सफल संचालन के लिए बैठक

# 26 सितंबर को मनाया जायेगा विश्व गर्भनिरोधक दिवस

♦गुणवत्तापूर्ण गर्भनिरोधक का इस्तेमाल मां और शिशु को देता है स्वस्थ्य जीवन

**केटी न्यूज/नवादा**



### गर्भनिरोधक सेवाओं के प्रति चिकित्सक जागरूकता लायें

सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के आने वाली महिलाओं को गर्भनिरोध के बारे में वहां मौजूद एएनएम अथवा आशा अवश्य जानकारी दें। प्रसव तथा गर्भपात के बाद गर्भनिरोधक सेवाओं के प्रति चिकित्सकों की मदद से जागरूकता लायें. प्रसव पश्चात परिवार नियोजन के महत्व के प्रति जागरूक कर सभी प्रसुताओं को उपयुक्त साधन अपनाने के लिये सही और सम्पूर्ण जानकारी और परामर्श दें।

हर साल 26 सितंबर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है। गर्भनिरोधक दिवस का उद्देश्य लोगों के बीच गर्भनिरोधक की जरूरत और साधनों के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है। विशेषकर युवाओं में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें बेहतर विकल्प चुनने का मौका प्रदान करना है। विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाये जाने को लेकर शनिवार को सदर अस्पताल स्थित जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में सिविल सर्जन डॉ राम कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक की गयी। इस बैठक में डीपीएम अमित कुमार सहित सभी 14 प्रखंडों में स्थित सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सहित बीसीएम, डीसीएम और पीरामल फांउडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने बताया कि इस दिवस का संचालन सफलतापूर्वक हो, इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा गर्भनिरोधक साधन के इस्तेमाल के प्रति नवविवाहितों और युवाओं में जानकारी दी जाये। पुरुषों को कंडोम के इस्तेमाल करने के प्रति प्रोत्साहित किया जाये तथा महिलाएं विभिन्न प्रकर के गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी रखें। महिलाओं पर ही परिवार नियोजन का भार नहीं दिया जाये।

**स्वास्थ्य संस्थानों में बनाये जायेंगे कांट्रासेप्टिव कॉर्नर:** डीपीएम अमित कुमार ने सभी स्वास्थ्य पदाधिकारियों को अपने संस्थान में कांट्रासेप्टिव कॉर्नर बनाये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा गुणवत्तापूर्ण गर्भनिरोधक का इस्तेमाल मां और शिशु दोनों को एक स्वस्थ्य जीवन देता है। गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवा प्रत्येक प्रसूता महिला का अधिकार होता है।



# पोषण ट्रैकर पर पोषाहार वितरण की हो शत प्रतिशत फीडिंग: जिलाधिकारी

❐ शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। इसमें आईसीडीएस विभाग की समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। पोषाहार वितरण की फीडिंग शत प्रतिशत नहीं होने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए सभी सीडीपीओ का वेतन रोकने का आदेश दिया। स्पष्ट कहा कि फीडिंग की प्रगति सुधरने के बाद ही वेतन जारी होगा।

जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य ऐसा हो कि पारदर्शिता साफ तौर पर दिखे। पोषण ट्रैकर पर पोषाहार वितरण के बाद उसकी फीडिंग में लापरवाही कत्तई ठीक नहीं है। वजह कि जितनी फीडिंग होगी उतना ही वितरण माना जाएगा। उन्होंने कहा कि हर माह वितरण पारदर्शी ढ़ंग से हो। होम विजिट भी अधिक से अधिक करने की बात कही। आधार सत्यापन, मापन क्षमता की स्थिति, आंगनबाडी केंद्रों के संचालन की ऑनलाईन रिपोर्ट आदि की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने लर्निंग लैब की स्थिति की भी जानकारी सभी सीडीपीओ से ली। कहा कि इसके 17 मानकों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अगर कहीं ग्राम प्रधान, सचिव या बीडीओ का सहयोग नहीं मिल रहा है तो सीधे सीडीओ को बताएं। किसी भी हाल में लर्निंग लैब से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करना है। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, डीपीआरओ यतेंद्र यादव सहित पोषण अभियान से जुडे सभी सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

### जनपद में जागरूकता शिविर 29 को

मऊ । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा जनपद पर एक दिवसीय जागरुकता शिविर आयोजन किया जाना है। जिसमें विभाग द्वारा संचालित माटीकला से सम्बन्धित योजनाओं, उ० प्र० माटीकला टूलस किट्स योजना, मुख्य मंत्री माटीकला रोजगार योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जायेगी,।

## अस्थाई गो आश्रय स्थल पर अव्यवस्था मिलने पर ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने ग्राम पंचायत सरयां, विकासखंड मोहम्मदाबाद गोहना स्थित अस्थाई गो आश्रय स्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थ होने पर संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी शिशिर पांडे को निलंबित करने का आदेश जारी किया।

ज्ञातव्य है कि जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता रमेश यादव,राम शब्द, कमला,विनोद कुमार आदि द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष संबंधित ग्राम प्रधान नौशाद अहमद एवं ग्राम पंचायत अधिकारी शिशिर पांडे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उक्त गौशाला में पर्याप्त मात्रा में चारे एवं भूसे सहित चोकर एवं गुड़ की पर्याप्त व्यवस्था न होने तथा पशुओं की ठीक ढंग से देखभाल न होने के कारण दिन प्रतिदिन पशु कमजोर होते जा रहे हैं तथा विगत कई दिनों में कई पशुओं की मृत्यु भी हो चुकी है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना को स्थलीय निरीक्षण कर जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

## खबरें फटाफट

### बलात्कार के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** बलात्कार व पाक्सो एक्ट के आरोपी को गड़वार थाना पुलिस ने शनिवार की दोपहर 12 बजे बिसुकिया जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है। आरोपी का नाम पप्पू बिन्द पुत्र रमेश बिन्द निवासी वरुना थाना बांसडीहरोड है। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आरोपी पप्पू बिंद के खिलाफ गड़वार थाने में एक महीना पहले बलात्कार व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस को आरोपी की काफी दिनों से तलाश थी। शनिवार को पप्पू बिंद को गिरफ्तार कर लिया।

### हत्या के प्रयास के तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** हत्या के प्रयास करने के तीन आरोपियों को रेवती थाने की पुलिस ने पचरुखिया ढाला के पास से शनिवार की दोपहर एक बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम अजय पटेल पुत्र मुन्नी लाल पटेल, मन्नू पटेल पुत्र डिप्टी पटेल, मुकेश पटेल पुत्र साहब पटेल निवासीगण रामपुर दिघार थाना रेवती है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आरोप है कि तीनों आरोपी बीते दिनों एक आदमी को जान से मारने की कोशिश किए थे, जिसके बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ रेवती थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से ही फरार चल रहा था, आखिरकार गिरफ्तार कर लिया।

### पाक्सो एक्ट के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सिकंदरपुर।** छेडखानी व पाक्सो एक्ट के मामले में सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने शनिवार की दोपहर दो आरोपियों को विच्छीबोझ चट्टी से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है। दोनों आरोपियों का नाम लालजी यादव पुत्र विजय शंकर यादव व रोहित यादव पुत्र घुरहू यादव है। दोनों आरोपी इटही गांव के रहने वाले हैं। पुलिस को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी विच्छीबोझ चट्टी पर खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर जाकर दोनों आरोपी को धरदबोचा। दोनों आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे।

### खड़ंजा के किनारे बना गड्ढा दे रहा दुर्घटना को दावत

मऊ ।मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक क्षेत्र के इटौरा चौबेपुर गांव के मोहल्ला गोसायन पुर मे खड़ंजे के किनारे बने गड्ढे मे प्रतिदिन लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं ।इटौरा चौबेपुर गांवके मोहल्ला गोसायन पुर में ग्रामीणों के लिए आने-जाने के लिए बनाए गए खड़ंजे के किनारे गांव में इस समय पाइप लाइन का कार्य चल रहा है जिसमें पाइपलाइन ले जाने के लिएखड़ंजे के किनारे खोदे गए गड्ढे लगभग एक महीने हो गए और न तो उसमें पाइप लाइन बिछि और नहीं गद्दे को पाटा गया हैजिससे ग्रामीणों कोआने-जाने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

# पात्र लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाएं

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक माननीय सभापति उमेश द्विवेदी जी की अध्यक्षता में बलिया के जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार मऊ में संपन्न हुई। इस बैठक में जनपद में आपदा से संबंधित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वन एवं लाभान्वित लोगों के संबंध में गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान माननीय सभापति महोदय के अलावा माननीय सदस्य श्री लाल बिहारी यादव, श्री बाबूलाल तिवारी एवं श्री सुरेन्द्र चौधरी ने जिले के सभी अधिकारियों से नदी में बाढ़ की स्थिति, नाव दुर्घटना, आकाशीय बिजली, आंधी तूफान सर्पदंश, आगजनी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, बलिया ने समिति के समक्ष जिले में आपदा प्रबंधन के संबंध में विस्तार से बिंदुवार जानकारी देते हुए किए गए नवाचारों पर अपनी प्रस्तुति दी।

बैठक के दौरान माननीय सभापति ने आपदा के दौरान घायलों हेतु राहत अनुदानों को प्रदान करने के निर्देश दिए, साथ ही नदी के गहराई वाले क्षेत्रों में साइन बोर्ड व चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा, जिससे डूब कर मरने वालों की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने आगजनी के दौरान बचाव हेतु फायर ब्रिगेड के दूरभाष नंबर को भी आम जनमानस में प्रचार प्रसार करने को कहा, जिससे आगजनी के दौरान जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। पीएम किसान सम्मान निधि में कुछ लोगों की ई- केवाईसी लंबित होने पर उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्त किसानों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। माननीय सभापति ने आपदा कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबरों की संख्या बढ़ाने तथा काम न करने वाले नंबरों को बदलने को भी कहा। सर्पदंश के मामलों में उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पुलिस की मौजूदगी में ही पोस्टमार्टम कराने के निर्देश दिए, जिससे सर्पदंश से प्रभावित व्यक्ति को राहत अनुदान मिलने में कोई समस्या ना हो।

इसके अलावा उन्होंने समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश से मिलने वाले राहत अनुदानों की प्रक्रिया का प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

**एंटी लारवा के छिड़काव तथा फॉगिंग कार्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश** : समिति द्वारा संचारी रोगों, विशेष कर डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु अतिरिक्त प्रयास करने के भी निर्देश दिए गए। समिति द्वारा अधिशासी अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने संबंधित क्षेत्र में नियमित साफ सफाई, एंटी लारवा के छिड़काव तथा फॉगिंग कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### सदर जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**मऊ** ।जनपद के सरायलखंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ सदर जिला अस्पताल पर शनिवार सुबह 11 बजे दैवीय आपदा प्रबंधन टीम के उमेश द्विवेदी ने औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कमियां पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई के दिशा निर्देश दिया । दैवीय आपदा प्रबंधन टीम के उमेश द्विवेदी ने मीडिया को बताया कि सदर जिला अस्पताल में बहुत सारी कमियां पाई गई है जिसमें निरीक्षण के दौरान सीएमओ और सीएमएस को कड़ी डांट फटकार लगाते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर अगर उन कमियों को सुधार नहीं किया गया तो अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।इमरजेंसी वार्ड में रखे सामानों में लगा जंग देख कर दैवीय आपदा प्रबंधन टीम संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई है ।

# चुनावी स्टंट के अलावा और कुछ नहीं केंद्र सरकार का महिला आरक्षण बिल: शमीम

◆बिल में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए कोई जगह नहीं है

**केटी न्यूज/बलिया**



एआईएमआईएम पार्टी की बैठक शनिवार को बहेरी स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विचार–विमर्श किया गया। महिला आरक्षण बिल पेश होने पर एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे में महिलाओं के लिए कोई जगह नहीं है। सिर्फ दिखावा है।

इनकी मानसिकता महिला विरोधी रही है, बीजेपी की सरकार अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम चरण जब सरकार जाने वाली है तो इस तरह के बिल को पास कराने की कोशिश में लग गए हैं। यह केवल एक सियासी स्टंट के अलावा कुछ नहीं है। अगर इन्हें महिलाओं को आरक्षण दिलाना होता तो यह बिल कई साल पहले आ चुका होता, महिलाओं को 2024 में आरक्षण मिल चुका होता, सरकार केवल दिखावा करके महिलाओं का वोट लेना चाहती है। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम,जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी मौजूद रहे।






### चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात में उड़ाये

**मऊ** । चिरैयाकोट नगर के मनाजीत वार्ड में शुक्रवार / शनिवार की रात को बृजवासी पटवा पुत्र स्वर्गीय कल्पनाथ के घर में रखी आलमारी का ताला तोड़ कर उसमे रखे लगभग एक लाख बहत्तर हजार रुपए के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जिसकी जानकारी पीड़ित को शनिवार को सुबह तब हुई जब वह सोकर उठा। नींद से जगते ही वह आलमारी का दरवाजा खुला देख अचंभित हो गया। आलमारी के पास पहुंच कर देखा तो आलमारी में रखे सभी सामान बाहर बिखरे हुए पड़े थे। वहीं जेवरात गायब थे। तहरीर में बताया है कि चोरों ने आलमारी से सोने का एक अदद मंगलसूत्र कीमत लगभग 50 हजार रुपए , एक जोड़ी कान का झाला कीमत लगभग 50 हजार रुपए ,गले की चैन कीमत लगभग 60हजार रुपए तथा एक अदद सोने की अंगूठी कीमत लगभग 12 हजार रुपए अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

## डॉ. मलय कुमार पांडेय बने डीपीए के अध्यक्ष



**केटी न्यूज/बलिया**

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव शनिवार की दोपहर टाउन हॉल बापू भवन में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर डॉक्टर मलय कुमार पांडेय, मंत्री पद पर डॉक्टर अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ जावेद अख्तर, उपाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र तिवारी, संगठन मंत्री डॉ पवन कुमार राय, कोषाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री डॉक्टर शैलेंद्र कुमार पांडेय संप्रेक्षक डॉक्टर अमरनाथ पांडेय को सर्व सम्मति से निर्विरोध मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि एवं डीपीए के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ संदीप बडोला, चुनाव अधिकारी और आजमगढ़ डीपीए के जिला मंत्री डॉ ऋषि देव मौर्य, चुनाव पर्यवेक्षक और प्रांतीय महामंत्री उमेश मिश्रा की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि एवं डीपीए के प्रांतीय अध्यक्ष ने निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनियंता की शपथ दिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जनपद बलिया का डीपीए टीम पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान आगामी एक अक्टूबर को पुरानी पेंशन की मांग को लेकर दिल्ली चलने का आह्वान किया गया।

### हमें अपनी राजनीतिक भागीदारी बढ़ानी होगी

मऊ। मत, मुद्रा और सहकार राजनीतिक दलों का प्रमुख हथियार है। वे जनता से उपरोक्त सामग्री प्राप्त करते हैं, और सत्ता के भागीदार बनते हैं। परंतु हम भामाशाह के वंशज होकर के दूसरों को दान देते हैं ,परंतु हमारी राजनीतिक भागीदारी नगण्य होने की वजह से हमारी अपनी विशिष्ट पहचान नहीं बन पा रही है। पहले तेली, राठौर ,घांची बिरादरी अपने राजनीतिक संवेदन शून्यता के चलते राजनीति के क्षेत्र में भागीदारी नहीं बढ़ा पा रही है। जिससे हम लोग इस क्षेत्र में पिछड़े हुए हैं। यह विचार भगवान जगन्नाथ स्वामी मां कर्मा देवी एवं साहू राठौर जन जागृति अधिकार यात्रा के संयोजक जगदीश प्रसाद साहू के हैं। वे रतनपुरा में जन चेतना रथ लेकर के पहुंचे थे, और एक मैरिज हॉल में स्वजातीय बंधुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम दूसरों के लिए सब कुछ कर सकते हैं, तो स्वयं क्यों नहीं आगे बढ़ते ।इसलिए अपनी बिरादरी को राष्ट्रीय फलक पर फलीभूत करने के लिए हमें अपनी राजनीतिक जन भागीदारी बढ़ानी होगी।






समाधान दिवस: पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की फरियाद

# समाधान दिवस: पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्या

**केटी न्यूज/मऊ**



मोहम्मदाबाद गोहना में समाधान दिवस के मौके पर शनिवार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे पहुंचे ।इस दौरान समाधान दिवस पर 11 प्रार्थना पत्रों में से चार मामले का पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के सामने ही निस्तारित किया गया। समाधान दिवस के दौरान बगड्डु पुत्र पुत्र धोटाल यादव द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ।इसी प्रकार शिवलाल यादव ग्राम जोगड़ी ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा रास्ते पर नाली का पानी की निकासी बनाए हैं।

मोहल्ला कायस्थ टोला निवासी ज्ञानेंद्र पांडे ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मोहल्ला जमालपुर पोखरा में धारा 24 के तहत लगे हुए पत्थर को उखाड़ने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभाग की प्रार्थना पत्र को तत्काल संयुक्त टीम बनाकर मामले का निस्तारण कराया ।इस प्रकार कुल पड़े 11 प्रार्थना पत्रों में से चार मामले का निस्तारण मौके पर किया गया ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने नायब तहसीलदार एवं पुलिस को सख्त निर्देश दिया कि जो भी प्रार्थना पत्र पड़े ,मामले का निस्तारण गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक करें जिससे फरियादियों को न्याय मिले। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गौरव शाह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ,उप निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा, लेखपाल सुग्रीव समेत तहसील के समस्त कर्मचारी एवं संबंधित विभाग के लोग मौजूद रहे ।

## खबरें फटाफट

### अंगूठा लगाने के बाद खाद्यान्न नहीं तो मिला करें शिकायत

**चंदौली।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत जनपद में अन्त्योदय के 52495 एवं पात्र गृहस्थी के 298872 कार्ड धारकों को प्रति माह राशन वितरण करने के लिए 865 सरकारी सस्ते गल्ले के उचित दर विक्रेता द्वारा राशन वितरण किया जा रहा है। जो नगरीय क्षेत्र में 68 व ग्रामीण क्षेत्र में 797 विक्रेता हैं। खाद्यान्न परिवहन के लिए नामित परिवहन ठेकेदार से हर हाल में राशन की पूरी मात्रा प्राप्त करें। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष विक्रम ने बताया कि वर्तमान नीति यह है। विक्रेता को दुकान तक खाद्यान्न नि:शुल्क एवं पूरी मात्रा में पहुंचाने का दायित्व परिवहन ठेकेदार का है। यदि किसी विक्रेता से परिवहन के मद में ठेकेदार अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धनराशि का मांग किया जाता है तो विक्रेता जिला खाद्य विपणन अधिकारी के टेलीफोन नं0 05412-260117 जिला पूर्ति अधिकारी के टेलीफोन नं0 05412-260495, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक के मोबाइल नंबर 7839564809, 7839564810 पर व टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 पर सूचित करें।

### कार्डधारकों को त्रैमासिक तीन किलो चीनी का होगा वितरण

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अंतर्गत प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को आवंटित गेहूँ तथा फोर्टिफाइड चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल ( 35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से संबद्व यूनिटों पर दो किग्रा गेहूँ व तीन किग्रा फोर्टिफाइड चावल (05 किग्रा खाद्यान्न) प्रति यूनिट के आधार पर नि:शुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितंबर 2023 के सापेक्ष तीन किग्रा चीनी प्रति कार्ड रू0 18/- प्रति किग्रा की दर से रू0 54/- में चीनी का वितरण माह सितंबर 2023 में 12 सितंबर 2023 से 23 अगस्त 2023 तक निर्देश निर्गत किए गए थे। आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के पत्र 22 सितंबर 2023 द्वारा प्रदेश के कतिपय जनपदों में कतिपय राशन कार्डधारकों को खाद्यान्न व चीनी का वितरण न होने के कारण उपर्युक्त आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य माह सितंबर 2023 में 24 सितंबर से 26 तक विस्तारित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### हैंडपंप का दूषित पानी पीने को विवश है वार्डवासी

**चंदौली।** एक तरफ जहा लोग तेजी से डेंगू, मलेरिया, जैसे बीमारी के चपेट में तेजी से आ रहे हैं। वही किदवई नगर वार्ड में हैंडपंप के आस पास गंदगी फैलने से लोग दूषित पानी पीने को विवश हैं। लेकिन वार्ड के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। किदवई नगर वार्ड में ज्यादातर लोगो को पानी पीने का मुख्य स्रोत हैंडपंप है। लेकिन हैंडपंप के पास जमा पानी व उसमें जमा गंदगी के कारण लोग दूषित पानी पानी को मजबूत है जिससे लोगो मे डर सता रहा है। वार्ड के सभी नालियां भी पूरी तरह गंदगी से भरी हुई हैं। जिसमें बदबू व मच्छर पनप रहे हैं। वार्ड वासी हैंडपंप पर फैली हुई गंदगी से मजबूर होकर उस गंदगी में खड़े होकर पीने का पानी भर कर ले जा रहे हैं। वार्डवासी का कहना है कि मुख्य जल स्रोत के आसपास गंदगी होने से बीमार होने का अंदेशा बना हुआ है। हैंडपंप पर कीचड़, गंदा पानी जमा होने से पूरी तरह गंदगी फैली है। वार्डवासी खड़े होकर पीने का पानी ले जा रहे हैं। बीमारियों से बचने के लिए साफ सफाई और स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है।

# थाना दिवस पर गाजीपुर डीएम एवं एसपी ने सुनी लोगों की फरियाद



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

शासन के निर्देश पर महीने के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली सैदपुर में उपस्थित फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

बता दें कि थाना दिवस पर कोतवाली सैदपुर में राजस्व द्वारा 04 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को दिया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं के विरूद्ध एंटी भू- माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्रवाई करें और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर तत्काल जेल भेज दिया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, थाना प्रभारी, लेखपाल एवं अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मरम्मत कार्य में जुटा सिंचाई विभाग, किसान चिंतित

# सेवराई तहसील में मुख्य नहर टूटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



सेवराई तहसील अंतर्गत उसिया और रक्सहां गांव के बीच मुख्य नहर टूटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। किसानों में हड़कंप मचा हुआ है। मौके पर पहुंची सिंचाई विभाग की टीम मरम्मत कार्य में जुट गई है। घटना से चहुओर हाहाकार मचा हुआ है।

बता दें कि चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल जमानिया से संचालित मुख्य नहर दिलदारनगर से आगे रक्सहां गांव के पास शनिवार को अचानक टूट गई। देखते ही देखते पानी की तेज रफ्तार के साथ सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। पानी की तेज धार ने खेतों में लगी फसल को अपनी आगोश में ले लिया। मामले की जानकारी होते ही संबंधित किसानों में हड़कंप मच गया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फोन कर घटना से अवगत कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने किसी तरह घंटो कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया और नहर को बंदकर मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। हालांकि किसानों ने फसल के क्षतिपूर्ति की मांग की है। गौरतलब हो कि संबंधित विभाग द्वारा किसानों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए नहर में पानी छोड़ा गया है। तभी मुख्य नहर टूट गया। जिससे सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है।

इस बाबत सिंचाई विभाग के अधिकारी जयेश कस्तूरे ने बताया कि अभी मरम्मत कार्य चल रहा है। उसके बाद ही क्षति का आकलन किया जाएगा। अभी कुछ भी नहीं कह सकते। उधर नहर टूटने से किसानों के सपने तार होते नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर चिंता की लकीर साफ दिखाई दे रही है।

### बहन के घर जा फंदे से लटक गई किशोरी

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल में फंदे से लटकता किशोरी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। कालीमहाल निवासी सन्नउवर के परिवार वालो के अनुसार परिवार की बेटीरेशमा घर के ही पास में रहने वाली अपनी बहन के यहां आती जाती थी।

शुक्रवार की शाम रेशमा अपनी बहन शबनम के घर गयी थी। शाम लगभग छह बजे रेशमा एक कमरे में पंखे पर सफेद दुपट्टा चुन्नी के सहारे लटकती मिली। रेशमा को लटकता देखा शबनम ने इसकी सूचना अपनी मां और भाई को दी। घटना की जानकारी होते ही मां और भाई शबनम के घर पहुंचे और रेशमा को फंदे से नीचे उतारकर पास के ही निजी हॉस्पिटल ले गए । जहां के डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार वाले रेशमा के शव को अपने घर ले आये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचित किए बगैर ही शव दफनाने के लिए कब्रिस्तान लेकर चले गए। कब्रिस्तान के संबंधित लोगों ने देर रात होने की वजह से शव दफनाने से इनकार कर दिया।

### भाजपा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान पर हुई चर्चा



**केटी न्यूज/ चंदौली**

भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर चर्चा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक सभी मंडल प्रवासी मंडल में बैठक करके मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष का सत्यापन करते हुए इसे सुनिश्चित करें कि सभी बूथों का गठन मानक के अनुसार हो गया हो । अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि नए मतदाता का नाम जो छूट गया है उसे भरवा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आप सभी पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनना शुरू कर दिया है यह कार्ड सभी लोग बनवा लें और आने वाले रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण मेला सभी सीएससी पीएससी और वैलनेस सेंटर पर लग रहा है इसमें ज्यादा से ज्यादा जनता का सहभागिता हो। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, सर्वेश कुशवाहा,अभिमन्यु सिंह, उमाशंकर सिंह, अखिल पोद्दार, शिवराज सिंह, हरिवंश उपाध्याय, अनिल तिवारी, जैनेंद्र कुमार, राजेश सिंह, विजय शंकर पांडे, बुद्धि लाल विश्वकर्मा, प्रेम नारायण सिंह इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### स्काउट गाइड शिविर में छात्रों ने सीखे गुण

**अलीनगर (चंदौली)।** क्षेत्र के अरुण योग एकेडमी एवं छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दयालपुर सदलपुरा, में अध्यनरत शिक्षा संकाय के बी एड,डीएलएड प्रशिक्षुओं का पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर 18 से 22 सितंबर के तक प्रशिक्षक सैयद अली अंसारी व महेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में सकुशल संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा के प्राचार्य डॉ.प्रदीप कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि डॉ. दयानिधि यादव तथा महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कैंप का निरीक्षण कार्य अविस्मरणीय रहा

। उप प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार सिंह द्वारा सभी उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा भारत की महान विभूतियों के व्यक्तित्व का प्रदर्शन कर रोल प्ले द्वारा उत्कृष्ट विचार रखा गया।

## सफाई अभियान चलाकर बीमारियों के प्रति चेताया



**केटी न्यूज/ चंदौली।**

अलीनगर स्थित शहीद सम्मान विकलांग विद्यालय के परिसर में शनिवार को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम भारत मिशन के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें लिंक रोड गलियों की साफ सफाई कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का काम किया गया।

अलीनगर वार्ड नंबर 16 में स्थित विद्यालय द्वारा लिंक रोड व गलियों की सफाई के साथ ही गंदगी से फैलने वाले बीमारियों के बारे में वार्ड वासियों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम संचालक रोशन कुमार एवं रीमा सिंह ने मध्य अवकाश के बाद अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया। सभी लोगों ने अपनी अपनी वार्ता के माध्यम से सांकेतिक भाषा का उपयोग दैनिक जीवन ,एवं शैक्षिक गतिविधियों में किस प्रकार किया जा रहा है इसके महत्व के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम की संचालिका पुष्पा कुशवाहा, विशेष शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रधानाचार्य शाहिद तमाम लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संस्था के प्रबंधक डा. राम आधार जोसेफ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## गाजीपुर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की तैयारी शुरू

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**




ग्राम पंचायतों को स्वस्थ, समृद्ध व खुशहाल बनाने के लिए जरूरी है पहले उन्हें टीबी जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त बनाया जाए। ग्राम पंचायतों को बिना इससे 'टीबी मुक्त' बनाए प्रदेश को इससे मुक्ति नहीं दिलाई जा सकती है। इसी को लेकर शुक्रवार को राइफल क्लब सभागार में टीबी मुक्त पंचायत अभियान के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया की 'टीबी मुक्त पंचायत' बनाने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विश्व क्षय रोग दिवस' (24 मार्च) पर इसी साल वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी घोषणा की थी। जिसे अब शीघ्र धरातल पर उतारने की तैयारी है। इसकी पहल जिला क्षय रोग अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के संयुक्त प्रयास से की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक के अभियान से जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा, जो कि अपने-अपने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके साथ ही जिला टीबी केंद्र के सहयोग से पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की स्थिति के लिए तैयार किया जाएगा। टीबी मुक्त करने के प्रयासों की गतिविधियों को पंचायत विकास योजनाओं (पीडीपी) में भी शामिल किया जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देश दीपक पाल, जिला पंचायत अधिकारी अंशुल कुमार मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी हेमन्त राव, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, जिलापूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेन्दु, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुरेन्द्र सोनकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी नगीना यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सचिदानंद तिवारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुजीत मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा सभी सीएचसी के अधीक्षक उपस्थित थे।

### धान खरीद के लिए जनपद में कंट्रोल रूम बना

**गाजीपुर।** आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में धान खरीद के पर्यवेक्षण तथा क्रय प्रगति के नियमित देखभाल एवं प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालय स्थापित किया गया है। उक्त कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा धान खरीद कन्ट्रोल रूम बनाया गया। जिसके पर्यवेक्षक अधिकारी हेमंत सिंह क्षेत्रीय विपणन अधिकारी तहसील सदर मो0नं0-9473957438 को नामित किया गया है। ड्यूटी पर तैनात किए गए कर्मचारियों में राहुल शुक्ला कनिष्ठ सहायक मो0नं0-9696289233 जिनकी कार्य अवधि पूर्वान्ह नौ बजे से अपरान्ह दो बजे तक अजीत कुमार कनिष्ठ सहायक मो0नं0-7068810498 12 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक एवं प्रहलाद चन्द विपणन सहायक मो0नं0-9453595129 अपरान्ह तीन बजे से सायंकाल छह बजे तक उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### सहायक अध्यापिका को मिली पीएचडी की उपाधि



**चहनियां (चंदौली)।** बंशीपुर प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका प्रज्ञा सिंह को गाजियाबाद में गत दिनों पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया । इसे लेकर प्राथमिक विद्यालय पर शनिवार को शिक्षिका को अध्यापकों ने भी सम्मानित किया।चहनियां की रहने वाले डा. राजेन्द्र प्रताप सिंह की पुत्री प्रज्ञा सिंह बंशीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर सहायक अध्यापक है । विगत दिन गाजियाबाद के इंडिया हैवीटेट सेंटर पर मैरी लैण्ड विश्वविद्यालय यूएसए के तरफ से डा पीके राजपूत व दीपिका जोशी ने शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिये प्रज्ञा सिंह को पीएचडी के मानद उपाधि से सम्मानित किया । जिसे लेकर क्षेत्र में हर्ष ब्याप्त है । शनिवार को बंशीपुर प्राथमिक बिद्यालय में सहायक अध्यापिका को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। इस दौरान सपना यादव, पूजा साहनी, नन्द किशोर यादव, प्रधान विजय कुमार, विकास गुप्ता, पूनम देवी, प्रेमा देवी, सरोज देवी, उषा मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

### खो-खो, कबड्डी में छात्रों ने दिखाया दमखम



**चंदौली।** कंपोजिट विद्यालय खुरुहुंजा के प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय खो खो एवं कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल द्वारा इस प्रतियोगिता का शुभारंभ माता सरस्वती के माल्यार्पण के साथ किया गया। साथ ही उन्होंने जीवन में खेलकूद गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद के लिए वक्त निकालना चाहिए, ताकि हमारा शरीर व मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहे। उक्त प्रतियोगिता में सदर ब्लाक के लगभग सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग किया गया। प्राथमिक स्तर के खो-खो प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय परासी कलां के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर के खो-खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय खुरुहूंजा के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय कांटा के बच्चियों ने खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय स्तर बालक एवं बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय खुरुहूंजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बालक एवं बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय कांटा ने कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सदर ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद अकरम, मिथिलेश कुमार, हरिराम ग्राम प्रधान आकाश कुमार, जय बहादुर सिंह, राजेश बहादुर सिंह, भानु प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार यादव, श्वेतम मिश्रा, विजयानंद पांडेय, देवत मौर्य, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता बीईओ अजीत पाल द्वारा किया गया।

### सदर कोतवाली में एसडीएम दिग्विजय सिंह ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**चंदौली।** सदर कोतवाली में शनिवार को एसडीएम दिग्विजय सिंह के नेतृत्व ने थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम फरियादियों से रूबरू होते हुए और उनकी समस्याओं को सुना। वहा मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के लोगो को शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया। थाना समाधान दिवस में एसडीएम के समक्ष कुल आठ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिनमे में एक पुलिस विभाग छः राजस्व विभाग व एक अन्य विभाग की रही। लेकिन किसी भी शिकायतों का मौके से निस्तारण नही किया गया। एसडीएम ने सभी शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र ही निस्तारण करने के निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप थाना दिवस में आए हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये।

### गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना... के साथ हुआ विसर्जन



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)** गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना, के उद्घोष के साथ शनिवार को गणेश प्रतिमा को विदाई दी गई। श्री गणेश चतुर्थी के समापन पर न्यू महाल निवासी सुधीर भास्कर राव पाण्डेय के आवास पर भगवान श्री गणेश की आरती की गई उपस्थित सभी भक्तगण ने भगवान श्री गणेश की आरती करते हुए सुखमय जीवन के लिए प्रार्थना किया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर गीत संगीत का आयोजन किया गया जिसमे श्रुति पाण्डेय ने भगवान श्री गणेश जी की भजन जय गणपति वंदन गणनायक गा कर शुभारम्भ किया। इसी क्रम में परिमलचंद रॉय ने गाइए गणपति जग वंदन की प्रस्तुति किया, तत्पश्चात दिव्यांशी शर्मा ने गणपति नमोनमः भजन गाया साथ ही तनिषा ने एक दंत दया वक्र टुंडाय पर नृत्य प्रस्तुत किया ,मारुति नंदन जी ने जय रघुनंदन जय सियाराम ,सुन्दर भजन गाया। ढोलक पर चार्ल्स डेविड ,हरमोनियम पर परिमल चंद रॉय,धर्म प्रकाश जी ने राधे तेरी चरणों की धूल मिल जाए भजन प्रस्तुत किया। इस तरह से शनिवार को भगवान के सम्मुख सभी कलाकारों ने अपनी अपनी हाजिरी लगाई।

### राज्य स्तरीय विद्यालयी सब-जूनियर खो-खो बालिका टीम में हुआ दीक्षा का चयन

**गाजीपुर ।** रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के तिलवां निवासी एवं रेवतीपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कक्षा आठ में अध्यनरत दीक्षा यादव का चयन पहले ही प्रयास में राज्य स्तरीय विद्यालयी सब-जूनियर खो- खो बालिका टीम में किया गया है। इसकी जानकारी विद्यालय परिवार सहित परिजनों ,खेल प्रेमियों को ? होते ही खुशी की लहर दौड पड़ी। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी का जमकर जश्न मनाया। आज इस खिलाड़ी के विद्यालय पहुंचने पर उसका अध्यापकों ने स्वागत किया गया। अपने चयन से आह्लादित इस खिलाड़ी ने बताया कि उसके लिए यह गौरव का पल है। उसने बताया कि उसकी कोशिश रहेगी कि वह आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। दीक्षा यादव ने बताया कि इस सफलता के पीछे उसके विद्यालय के अध्यापकों के साथ ही दोस्तों का सहयोग एवं माता पिता का आशिर्वाद है।बताया कि पढाई के बीच समय निकालकर वह नियमित हर रोज अभ्यास करती है।